हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 3 जनवरी 2024
[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

11 सेवानिवृत बद्रीप्रसाद का छात्रों ने शॉल-श्रीफल भेंट कर किया सम्मान



12 गुरु बाबा ने सत्य का प्रचार और सादा जीवन यापन की प्रेरणा दी



# पेट्रोल-डीजल सहित अन्य जरूरी सामानों की आपूर्ति निरंतर बनी रहे

## मुख्यमंत्री साय ने सभी संभागायुक्त, कलेक्टर व पुलिस अधीक्षकों की वीडियो कांफ्रेंसिंग में दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार/भटगांव

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार को सभी संभागायुक्त, कलेक्टर व पुलिस अधीक्षकों की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक लेकर ट्रक चालकों की हड़ताल के कारण जिलों में पेट्रोल–डीजल सहित अन्य दैनिक वस्तुओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने वाहन रोकने वालों को समझाईश देने तथा आम जनता को धैर्य बनाये रखने की अपील करने के भी निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पेट्रोल, डीजल, दवाई एवं अन्य महत्वपूर्ण सामग्री की आपूर्ति बाधित नहीं होना चाहिए। असामाजिक तत्वों पर निगरानी के लिए पुलिस पेट्रोलिंग को बढ़ाया जाए तथा पुलिस टीम द्वारा लगातार निगरानी की जाए। नशापान कर वाहन चलाने वालों को आवश्यक समझाईश व कार्रवाई भी किया जाए।

उन्होंने कहा कि सभी जिलों में कंट्रोल रूम की स्थापना की जाय जो 24 घंटे संचालित रहे व कर्मचारी भी तैनात रहे, ताकि लोगों को किसी प्रकार की समस्या हो तो शिकायत कर सकें। उन्होंने जिलों में शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलेक्टर व एसपी को जरूरी रणनीति बनाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने सभी जिलों में 24 घंटे संचालित कंट्रोल रूम स्थापित कर खाद्य निरीक्षकों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए।

### जिले में डीजल-पट्रोल पर्याप्त

जिला खाद्य अधिकारी विमल दुबे ने बताया कि जिले के पेट्रोल पम्पों में 535816 लीटर पेट्रोल तथा 777364 लीटर डीजल उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि जिले में डीजल व पेट्रोल की आपूर्ति के लिए मंदिर हसौद व गोपालपुर से लोड कराया जा रहा है। एनआईसी कक्ष में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा सहित अन्य अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक से जुड़े थे।



### अफवाह पर ध्यान न दें

प्रभारी कलेक्टर नम्रता जैन ने बताया कि जिले में पेट्रोल–डीजल सहित अन्य जरूरी सामग्री की आपूर्ति जारी है। सभी पेट्रोल पम्पों में पर्याप्त मात्रा में डीजल–पेट्रोल उपलब्ध है तथा आपूर्ति के लिए लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने जिले में डीजल–पेट्रोल के लिए किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने की अपील आमजन से की है। उन्होंने खाद्य अधिकारी को तत्काल कंट्रोल रूम स्थापित कर 24 घण्टे कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### विकसित भारत संकल्प यात्रा आज

**सिमगा।** जनपद पंचायत सिमगा अंतर्गत ग्राम पंचायत बिनैका व औरेठी में बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान दल पहुंचेगा। सचिव कैलाश पुरी गोस्वामी ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को देने संकल्प यात्रा ग्राम बिनैका के पंचायत भवन में दोपहर 2 बजे पहुंचेगी। तत्पश्चात यात्रा ग्राम औरेंठी के लिए रवाना होगी।

### सोनारदेवरी में भागवत कथा कल से

**पलारी।** समीपस्थ ग्राम सोनारदेवरी में श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 4 से 12 तक की जा रही है। कथा सुबह 10 से 1 बजे तक और दोपहर 3 से 6 बजे तक पं. देवेश तिवारी द्वारा प्रवचन किया जाएगा। प्रथम दिवस कलश यात्रा, वेदी पूजा, गौकरण कथा, द्वितीय



दिवस नारद भक्ति संवाद, परिक्षित जन्म, वराह अवतार, तृतीय दिवस सती चरित्र, कपील अवतार, ध्रुव कथा, भरत चरित्र, चतुर्थ दिवस नरक वर्णन, अजामिल चरित्र, गजेन्द्र मोक्ष, पंचम दिवस समुद्र मंथन, रामावतार, वामन अवतार, षष्टम दिवस गोकुल उत्सव, रूखमणी विवाह, सप्तम दिवस अन्नय विवाह, सुदामा चरित्र, अष्टम दिवस सम्पूर्ण भागवत कथा, तुलसी वर्षा ओर नवम दिवस गीता यज्ञ, हवन पूजन सम्पन्न होगा।

### पलारी में विकसित भारत संकल्प यात्रा कल

**पलारी।** भारत सरकार के निर्देशानुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन 4 जनवरी को नगर पंचायत पलारी के वार्ड नं 6 बाजार चौक में किया गया है, जिसमें भारत सरकार और राज्य सरकार की योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना और प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत नवीन हितग्राहियों से आवेदन लिया जान है। योजनाओं का लाभ संबंधी जानकारी लेने की अपील की गई है।

## आंदोलन : बसों के नहीं चलने से यात्री परेशान, अपने-अपने साधनों से गंतव्य तक पहुंच रहे

# जिले में थमे सैकड़ों बसों और ट्रकों के पहिए, सड़क के दोनों ओर लगी कतारें, नए कानून से डरे ड्राइवर



बलौदाबाजार



भाटापारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

केन्द्र सरकार द्वारा लाये गये कानून भारतीय न्याय सहिता में सड़क कानून के खिलाफ वाहन चालकों के किये जा रहे तीन दिवसीय विरोध प्रदर्शन का जनजीवन पर व्यापक असर पड़ा है। माल ढुलाई में लगे भारी वाहन, यात्री बस, स्कूली बस, चालकों के आंदोलन में शामिल रहने से ट्रकों व बसों के पहिये थम गए हैं। सड़क पर यात्री बसों के नहीं चलने से यात्रा करने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान मौके का फायदा उठाते हुए कुछ आटो रिक्शा व टैक्सी चालकों द्वारा यात्रियों से मनमानी किराया वसुल किये जाने की जानकारी अनेक भुक्तभोगियों द्वारा दी गई है। वहीं ट्रकों के नहीं चलने से मंगलवार को जिले के कई पेट्रोल पंपों में डीजल-पेट्रोल उपलब्ध नहीं रहने की तख्ती लटकी दिखाई दे रही थी। ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ लोगों द्वारा मौके का फायदा उठाते हुए पहले से खरीदकर रखे गये पेट्रोल को 150 रुपये प्रतिलिटर के हिसाब से बेचकर काला बाजारी किये जाने की शिकायतें भी की गई है।

### फलों के दाम भी बढ़े

चालकों की हड़ताल के चलते फ्रूटमार्केट में फलों की आवक पर असर पड़ा है। बाजार में फूटकर फल व्यवसायी राजेश साहू ने बताया कि दो दिनो से फल की सप्लाई नहीं हो रही है तथा पूर्व के स्टाक को दुकानदार बेच रहे हैं। केला 50 से 60 रूपये दर्जन, अनार 200 रूपये प्रतिकिलो, सेब 200 से 250 रूपये प्रतिकिलो, संतरा 60 से 80 रूपये किलो, अंगुर 250 से 300 रूपये किलो तक बिक रहा है।

### वाहन चालकों की हड़ताल से सब्जियों के दाम बढ़े

वाहन चालकों की हड़ताल के चलते प्रतिदिन थोक सब्जी मंडी में बाहर से सब्जी लेकर पहुंचने वाले वाहनों के नहीं आने के कारण सब्जियों की मांग के मुकाबले आवक कमजोर होने से सब्जियों के दाम अचानक बढ़ गये हैं। दो दिनों पूर्व तक फुटकर सब्जी मंडी में 10 रूपये प्रतिकिलो बिकने वाला टमाटर 25 से 30 रूपये तक पहुंच कर अपना रंग दिखा रहा है। इसी तरह आलू, प्याज के दाम में भी 5 से 10 रूपये प्रतिकिलो की वृद्धि हो गई है। हरी सब्जियों की मांग के मुकाबले फार्महाउस से होने वाली सप्लाई कम हो जाने से ताजी हरी सब्जियों गोभी, बरबट्टी, भिन्डी, मिर्ची, लौकी, मटर, बैंगन, धनिया, पालक, मेथी, लाल भाजी, शिमला मिर्च, गाजर, कद्दु, के दाम भी बढ़ जाने का असर उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है।

## शहर की सड़कों पर थमे वाहनों के पहिये ड्राइवरों ने जगह-जगह किया चक्काजाम

**भाटापारा।** केंद्र सरकार द्वारा वाहन एक्ट में किये गए संशोधन के विरुद्ध ड्राइवर संघ एवं संगठनों द्वारा क्षेत्र के सभी प्रमुख मार्गों में चक्का जाम जैसी स्थिति निर्मित कर दी गई। भाटापारा नगर के सभी बाहरी सड़कों में ड्राइवरों द्वारा दिन भर गाड़ियों को रोका गया, जिसके कारण दिनभर यात्रियों के साथ-साथ आने जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कमर्शियल वाहनों को जबरदस्ती रोका गया, यहां तक की सवारी ऑटो एवं बसों को भी जाने नहीं दिया गया। देर शाम प्रशासन हरकत में आया और चौराहों पर कार्रवाई शुरू की।

**अधिकांश स्कूलों को करना पड़ा बंद:** नगर के मुख्य मार्गों में दिनभर बंद जैसी स्थिति बनी रही, जिसका सबसे बड़ा प्रभाव नगर के बाहरी इलाके में बसों के माध्यम से आवागमन करने वाले बच्चों एवं पालकों में देखना को मिला। बच्चों की बसें स्कूल तक नहीं पहुंच पाई, जिसके कारण स्कूलों को बंद रखना पड़ा। शहर के अंदर भी स्कूलों की मिनी बसों और वैन जैसी गाड़ियों को भी रोक दिया गया।



### जनता व व्यापारियों को न हो प्रत्यक्ष नुकसान

लगातार दिनभर चक्काजाम की स्थिति पर थोक सब्जी विक्रेता लाला साहू का कहना है कि क्षेत्र में रोज बड़ी संख्या में सब्जियों व जरूरी सामानों की गाड़ीयों की आवाजाही लगी रहती है। शीघ्र ही उक्त समस्या का समाधान निकालना चाहिए, ताकि आम जनता व व्यापारियों को किसी भी प्रकार से प्रत्यक्ष नुकसान ना हो।

### संशोधन वापस ले सरकार

ड्राइवर संघ के सदस्यों से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा नियमों में संशोधन होने से ड्राइवरों को व्यक्तिगत तौर पर नुकसान होगा, इसलिए सरकार से आग्रह है कि नियमों में किये जाने वाले संशोधन को वापस ले।

### आवश्यक सामग्रियों की कीमतों में हो सकती है वृद्धि

मालवाहक वाहनों की आवाजाही में होने वाली परेशानी को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार द्वारा इस ओर कोई ठोस कदम आने वाले दिनों में नहीं उठाया जाता है, तो निश्चित ही दैनंदिनी आवश्यकता की वस्तुओं के मूल्य में वृद्धि होती दिखाई देगी। विदित हो कि फल एवं सब्जी जैसी अनिवार्य वस्तुओं के वाहन नियमित रूप से शहर में प्रवेश करते रहते हैं। इसीलिए इनका ना आना मूल्य वृद्धि का बड़ा कारण हो सकता है।

### पेट्रोल पंप में दिनभर लगी रही लाइन

सोमवार देर रात से ही शहर एवं आसपास क्षेत्र में अफवाह फैल गई कि आने वाले दिनों में पेट्रोल और डीजल की किल्लत रहेगी, जिसके कारण आमजन रात से ही पेट्रोल पंप में लाइन लगाने लगे। सुबह से यदा कदा यही स्थिति रही। लोग अपनी आवश्यकता से अधिक पेट्रोल और डीजल खरीदते दिखे।

## महिलाओं ने घरों के सामने बनाई रंगोली, दीप जलाकर किया स्वागत

# अयोध्या से आये अक्षत कलश की ग्रामीणों ने निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

ग्राम मल्दी में अयोध्या से आये पूजित अक्षत कलश की विधि–विधान से पूजा अर्चना कर मल्दी मण्डल के अंतर्गत आने वाले ग्राम मल्दी सहित देवरानी, मोपर, जेठानी, अमेठी, टेकरी, परसाडीह, तुरमा एवं चमारी के विभिन्न कार्यकर्ताओं सहित मल्दीवासियों द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। इसके स्वागत के लिए मल्दी गांव के प्रत्येक घर में रंगोली सजाने के साथ घरों के सामने कलश एवं दीप जलाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र भाटापारा खण्ड के कार्यकर्ता शुभम वर्मा ने बताया कि प्रत्येक ग्रामों के कार्यकर्ता पूजित अक्षत कलश लेने मल्दी पहुंचे थे, जो अब 15 जनवरी तक घर-घर जाकर अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले भगवान श्रीराम के पुनर्निर्मित मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमंत्रण इसी पूजित अक्षत के साथ, आमंत्रण पत्र और प्रभु श्रीराम



के छायाचित्र के साथ प्रदान करना एवं 22 जनवरी को अपने ग्राम को अयोध्या बनाने के साथ सभी ग्रामों में पुनः दीपावली पर्व मनाने के बारे में अवगत कराए। अभियान के सदस्य हीरेन्द्र वैष्णव आचार्य ने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को अपने-अपने ग्रामों में किसी मंदिर या चौक पर पूरे गांव वालों को एक स्थान पर एकत्रित कर विजय महामंत्र का जाप करते हुए, हवन पूजन आदि कार्यक्रम करते हुए उस दिन प्रातः 11 से दोपहर 1 बजे तक गांव के सभी लोगों को एकत्रित होकर कार्यक्रम में सहभागी बनने के साथ अयोध्या में होने वाले प्रथम आरती के समय अपने ग्राम को ही अयोध्या मानकर प्रभ श्रीराम के अपने घर में पुनः प्रतिष्ठित होने के लिए सामूहिक आरती करने एवं संध्या के समय पूरे गांव को दीपों से सजाने का आग्रह किए। अक्षत कलश वितरण कार्यक्रम में मंडल के विभिन्न कार्यकर्ता सहित मल्दी के गणमान्य नागरिक एवं अपार संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रहे।

### आज संकुल स्तरीय खेल कूद स्पर्धा में शामिल होंगे विधायक

**लवन।** क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अहिल्दा में बुधवार 3 जनवरी को तीन दिवसीय संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक संदीप साहू होंगे। अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य परमेश्वर यदु, विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य कोमल वर्मा, जनपद सदस्य गिरजा बउवा बंजारे एवं संकुल प्रभारी लवन हरिशंकर जोशी है। यह जानकारी प्रधानपाठक अरविंद मिश्रा ने दी और बताया कि यह कार्यक्रम अहिल्दा स्कूल खेल मैदान में रखा गया है, जिसका आयोजन संकुल केंद्र अहिल्दा एवं सरखोर द्वारा किया जा रहा है।



पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप



### प्रयास बालिका स्कूल में लोकनाट्य का मंचन

**रायपुर।** प्रयास बालिका आवासीय स्कूल गुढ़ियारी में नववर्ष की पूर्व संध्या पर रविवार को लोकनाट्य दशमत का मंचन किया गया। इस नाटक के लेखक, निर्देशक एवं गीतकार-संगीतकार राकेश तिवारी हैं। विद्यालय की प्राचार्या मंजुला तिवारी ने सभी कलाकारों का स्वागत किया। इस नाटक में सुदामा शर्मा, मीना विश्वकर्मा, संत फरिकार, लोकेश साहू, सविता तिवारी, घनश्याम वर्मा, उत्तम ठाकुर, हेमलाल पटेल, विशाल वर्मा, हर्ष यादव, रत्ना ठाकुर, नरेंद्र यादव, नीतिश यादव, अर्जुन दास मानिकपुरी, सुमित तिवारी, डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर, मनीष लदेर, मोहन साहू एवं महेश कौशिक शामिल रहे।

### सूने मकान में धावा एक लाख की चोरी

**रायपुर।** अभनपुर थाने में एक व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ उसके सूने मकान से नकदी छह हजार रुपए सहित 94 हजार रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक परसूलीडीह निवासी डोमन लाल सिन्हा ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। डोमन लाल ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर उसके घर में प्रवेश कर आलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखी नकदी तथा जेवरों पर हाथ साफ कर दिया।

### सिगरेट नहीं देने पर राड से किया हमला

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक युवक ने दो अन्य युवकों तथा उनके अन्य साथियों के खिलाफ राड से हमला करने तथा मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक प्रोफेसर कॉलोनी निवासी राकेश सोनकर ने रोहित, राहुल तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। राकेश ने पुलिस को बताया कि वह रास्ते में सिगरेट पीने के लिए रुका था, इसी दौरान रोहित तथा उसके अन्य साथी ने राकेश से सिगरेट की मांग की। इनकार किया तो बदमाशों ने राकेश के साथ मारपीट की।

### होटल के पास घूमने से मना करने पर चाकू से हमला

**रायपुर।** तेलीबांधा थाने में एक व्यक्ति ने एक युवक और उसके अन्य साथियों के खिलाफ मारपीट तथा चाकू से हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक लभांडी निवासी मनोज पाल ने महेंद्र तथा उसके अन्य साथियों के खिलाफ मारपीट कर चाकू से हमला करने की शिकायत दर्ज कराई है। मनोज ने पुलिस को बताया कि महेंद्र तथा उसके साथी साहू होटल के पास घूम रहे थे, तब उसने उन लोगों को होटल के पास घूमने से मना किया तो उन्होंने मनोज के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया।

### आंबा कार्यकर्ता-सहायिका भर्ती, 7 तक दावा-आपत्ति

**रायपुर।** जिले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 3 पद एवं आंगनबाड़ी सहायिकाओं के 7 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए अक्टूबर महीने मे आवेदन आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदनों का सारणीकरण, मूल्यांकन पश्चात समिति में दिए गए अनुमोदन के बाद अंतरिम सूची बाल विकास परियोजना कार्यालय एवं नगर निगम रायपुर के सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है। आवेदिका या अभ्यर्थी को यदि प्रकाशित अंतरिम मूल्यांकन पत्रक सूची के संबंध में कोई दावा-आपत्ति करनी हो तो आवश्यक दस्तावेज एवं साक्ष्य के साथ 7 जनवरी तक लिखित दावा-आपत्ति कार्यालयीन समय में एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय में पेश कर सकते हैं। अंतिम तिथि के बाद कोई भी दावा-आपत्ति कार्यालय में मान्य नहीं होगी।

### राज को पीएचडी

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विवि ने राज वर्मा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने बस्तर के गोंड जनजाति के पारंपरिक कला का दस्तावेजीकरण पर शोध किया। प्रो. जितेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में उन्होंने यह शोध पूर्ण किया है। वैज्ञानिक जांच के माध्यम से सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की कोशिश इस शोध के जरिए की गई है।



# कस्टम मिलिंग के चावल जमा करने की मोहलत खत्म, डेढ़ सौ मिलर्स ने नहीं लौटाए 17 हजार टन चावल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में कस्टम मिलिंग करने वाले मिलरों को चावल जमा करने के लिए 31 दिसंबर तक दी गई मोहलत खत्म हो गई है, लेकिन अभी भी करीब 17 हजार टन चावल मिलरों से लेना बाकी है। बताया गया है कि वसूली के लिए मिलरों के बिल से एडजेस्ट किया जाएगा या विधिवत वसूली की जाएगी।

राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी होने के बाद, धान का एक बड़ा हिस्सा मिलरों को चावल बनाने के लिए दिया जाता है। यह चावल राज्य पूल के लिए नागरिक आपूर्ति निगम और सेंट्रल पूल के लिए एफसीआई में जमा कराया जाता है। अभी जिन मिलरों से जो बकाया चावल लेना है, वह पिछले खरीफ सीजन का है। खाद्य विभाग के सूत्रों के अनुसार जिन मिलरों ने चावल जमा नहीं कराया है, उनकी संख्या डेढ़ सौ से अधिक है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि चावल की जितनी मात्रा बची है, वह बहुत अधिक नहीं है। मिलरों से बकाया चावल की वसूली करने उनके कस्टम मिलिंग के बिलों से राशि काटी जाएगी। इसके अलावा भी विधिवत प्रावधान के मुताबिक वसूली की जाएगी।

## प्रदेशभर में धान खरीदी में भी आई तेजी, सोमवार को आया 3 लाख 23 हजार टन

### उसना चावल मिलिंग के लिए कोटा जारी

छत्तीसगढ़ से चालू खरीफ सीजन में केंद्र सरकार 15 लाख मीट्रिक टन उसना चावल लेगी। केंद्र ने यह अनुमति मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विशेष आग्रह पर दी है। इससे पहले पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में कई बार केंद्र से आग्रह किया गया कि राज्य से उसना चावल लिया जाए, लेकिन केंद्र ने अनुमति नहीं दी थी। अब बताया गया है कि 15 लाख मीट्रिक टन उसना चावल तैयार करने के लिए उसना मिलरों को धान दिया जा रहा है। हर जिले के लिए भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। खाद्य अधिकारियों का कहना है कि बहुत जल्द ही सेंट्रल पूल के लिए उसना चावल जमा करने का काम शुरू हो जाएगा।



### धान खरीदी की रफ्तार हुई तेज

छत्तीसगढ़ में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दो महीने बीतने के बाद अब धान बेचने की रफ्तार बढ़ी है। सोमवार रात तक की स्थिति में इस दिन 78 हजार 663 किसानों ने 3 लाख 23 हजार 79 मीट्रिक टन धान बेचा है। अब तक उपार्जन केंद्रों में कुल मिलाकर 67 लाख 34 हजार 885 मीट्रिक टन धान की आवक हो चुकी है। राज्य में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय 130 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया था। बाद में भाजपा सरकार ने प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी का आदेश जारी किया। जानकारों का कहना है कि अब धान की आवक 155 लाख मीट्रिक टन तक हो सकती है।

## पैट सीटी सहित पुरानी हो चुकी जांच मशीनों की ली जानकारी

# मंत्री पहुंचे अस्पताल, पुरानी मशीनों की ली जानकारी, खरीदी सिस्टम में होगा बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सुबह मंत्रालय में चार्ज लेने के बाद स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शाम आंबेडकर अस्पताल पहुंचे। विभिन्न विभागों का दौरा करने के बाद उन्होंने मरीजों और चिकित्सकों से चर्चा की। उपचार व्यवस्था में कसावट लाने के साथ उन्होंने कैंसर विभाग की विवादित पैट सीटी सहित अस्पताल में काफी पुरानी हो चुकी जांच मशीनों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अगले एक साल में खामियों को दूर करने का आश्वासन भी दिया।

स्वास्थ्य मंत्री सोमवार की शाम अचानक आंबेडकर अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट, नेत्र रोग विभाग, सर्जरी विभाग के बाद कैंसर विभाग में जाकर वहां मरीजों को उपचार के लिए दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान विभागाध्यक्ष डा. विवेक चौधरी से उन्होंने विवादों की वजह से शुरु नहीं हो पाई पैट सीटी के साथ अन्य पुरानी हो चुकी मशीनों के बारे में जानकारी ली। चिकित्सकों ने बैठक के दौरान यह भी बताया कि अस्पताल में प्रमुख जांच के लिए उपयोग की जाने वाली सारे मशीनें लगभग पुरानी हो चुकी है जिसकी वजह से जांच व्यवस्था आए दिन प्रभावित होती है। स्वास्थ्य मंत्री ने आश्वासन दिया है कि अगले एक साल में अस्पताल की सभी कमियों-खामियों को दूर कर लोगों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। विशेषज्ञों, डॉक्टरों और अन्य स्टॉफ की कमी दूर करने के साथ ही नए मेडिकल उपकरणों व मशीनों तथा दवाईयों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करना है। उन्होंने अस्पताल और मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ अधिकारियों को इलाज और जांच की व्यवस्था में कसावट लाने के निर्देश दिए।

- जांच सुविधा और समय पर रिपोर्ट प्रदान करने के निर्देश



### व्यवस्था में बदलाव करेंगे

स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन (सीजीएमएससी) द्वारा अस्पतालों के लिए मेडिकल उपकरणों की खरीदी और आपूर्ति में तेजी लाने के लिए वर्तमान व्यवस्था में जरूरी बदलाव किए जाएंगे। अत्यावश्यक दवाईयों और रिएजेंट्स की खरीदी के लिए मेडिकल कॉलेजों के डीन और संबद्ध अस्पतालों के अधीक्षकों को वित्तीय शक्तियां प्रदान करने की भी बात कही। दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले मरीजों के परिजनों के रूकने के लिए आश्रय-गृह की व्यवस्था के लिए शीघ्र पहल करने पर जोर दिया।

### नए सेटअप की मांग

नेत्र रोग विभाग के निरीक्षण के दौरान विभागाध्यक्ष ने बताया कि भारत सरकार द्वारा विभाग को क्षेत्रीय नेत्र संस्थान का दर्जा दिया गया है। उन्होंने इसके लिए पदों का नया सेट-अप स्वीकृत करने का आग्रह किया। रेटिना सर्जरी के लिए रेटिना विक्ट्रेक्टॉमी मशीन जल्द स्थापित कराने का अनुरोध किया। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने वहां उपलब्ध मशीनों के जरिए अपनी नेत्र जांच भी कराई। अस्पताल के निरीक्षण के दौरान डीन डॉ. तृप्ति नागरिया, मेडिकल अधीक्षक डॉ. एसबीएस नेताम, क्षेत्रीय कैंसर संस्थान के निदेशक डॉ. विवेक चौधरी, डॉ. प्रदीप चन्द्राकर और डॉ. संतोष सोनकर उपस्थित थे।

### सीएम बने निक्षय मित्र, कहा- टीबी मरीजों की मदद के लिए आगे आएं



टीबी के इलाज के दौरान मरीजों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी निक्षय मित्र बन चुके हैं। उन्होंने इस अभियान के तहत ज्यादा से ज्यादा लोगों को टीबी मरीजों के इलाज के लिए आगे आने की अपील की है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के शामिल होने के दौरान उन्होंने लोगों को आयुष्मान कार्ड का भी वितरण किया। राज्य में इस यात्रा की शुरुआत 15 दिसंबर से की गई है और अब तक 3 हजार 242 कैंप लगाए जा चुके हैं। अपने जशपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा इन कैंपों में हितग्राहियों से मिलकर सिकलसेल कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड दिए गए एवं टीबी मरीजों को फूड बास्केट वितरित किए गए। अब तक इन शिविरों में 7 लाख से अधिक लोगों की टीबी स्क्रीनिंग की गई है, साथ ही 1325 लोग निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों की मदद के लिए आगे आए हैं। इन शिविरों में 5 लाख 40 हजार से अधिक लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी गई, साथ ही 4 लाख 99 हजार से अधिक की रक्तचाप जांच, 4 लाख 85 हजार की मधुमेह जांच, 2 लाख 88 हजार की सिकलसेल जांच एवं 59 हजार से अधिक की एनसीडी स्क्रीनिंग कर केस उच्च स्वास्थ्य संस्था को रेफर किए गए हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा में स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से अब तक 54 हजार 459 आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं एवं इन शिविरों में 1 लाख 80 हजार से अधिक हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए जा चुके हैं।

# रविवि ने बदली समय सारिणी, प्रोफेशनल कोर्स संग हो रहा था टकराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं. रविशंकर शुक्ल विवि ने वर्ष की शुरुआत समय-सारिणी में बदलाव के साथ की है। रविवि की सेमेस्टर परीक्षाएं दिसंबर माह से शुरू हो गई हैं। परीक्षाएं प्रारंभ होने के बाद बीच में यह बदलाव किया गया है। प्रोफेशनल कोर्स सीए फाउंडेशन और सीए सहित रविवि की डिग्री और डिप्लोमा पाठ्यक्रम की तारीखें आपस में टकरा रही थीं। इसे देखते हुए छात्रों सहित कॉलेज प्रबंधन ने भी तिथियों में बदलाव की मांग की थी। डीसीए सहित अन्य डिप्लोमा पाठ्यक्रम करने वाले छात्र इनके साथ-साथ डिग्री व प्रोफेशनल कोर्स की भी तैयारी करते हैं।



- सीए फाउंडेशन की परीक्षाओं संग टकरा रही थीं तारीखें, नई तिथियां जारी

संशोधित समय-सारिणी रविवि की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। तिथियों में बदलाव के बाद अब ये परीक्षएं लंबी चलेंगी। डीसीए की 10 जनवरी को होने वाली परीक्षा अब 23 जनवरी को होगी। वहीं एमएड द्वितीय सेमेस्टर की एटीकेटी की 22 जनवरी को होने वाली परीक्षा अब 29 जनवरी को होगी। सेंटर फॉर बेसिक साइंस की परीक्षा तिथियों में भी बदलाव किया गया है।

### आवेदन पांच तक

सेमेस्टर परीक्षाओं के साथ ही रविवि वार्षिक परीक्षाओं की भी तैयारी कर रहा है। नियमित व स्वाध्यायी दोनों ही छात्रों के लिए आवेदन 15 दिसंबर से प्रारंभ कर दिए गए थे। छात्र 5 जनवरी तक इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद छात्रों को विलंब शुल्क के साथ आवेदन करने का मौका 13 जनवरी तक मिलेगा। छात्रों को इस दौरान 100 रुपए विलंब शुल्क के रूप में देने होंगे। वार्षिक परीक्षाएं मार्च माह में आयोजित की जाएंगी। परीक्षा तिथि माहांत अथवा फरवरी तक जारी होने की संभावना है।

## पौने तीन करोड़ कैश, ढाई करोड़ का सामान जब्त

# गुटखा पैकेजिंग कारोबारी के ठिकानों पर दबिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सेंट्रल जीएसटी की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर गुटखा पैकेजिंग करने वाले एक कारोबारी के ठिकानों पर छापे की कार्रवाई करते हुए कैश दो करोड़ 88 लाख रुपए तथा गुटखा पैक करने के काम आने वाले 2 करोड़ 60 लाख रुपए के पैकेजिंग आयटम्स जब्त किए हैं।

सेंट्रल जीएसटी के अफसरों के मुताबिक बोरियाकला स्थित मेसर्स ओम रोटो प्रिंटर्स के संचालक मनोज टेकवानी के ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की गई है। ओम रोटो प्रिंटर्स में तंबाकू, पान मसाला इकाइयों के लिए पैकेजिंग सामग्री (फिल्म, फाइल, स्ट्रिप्स तथा प्लास्टिक वस्तु) का चोरी-छिपे निर्माण करने की जानकारी मिली थी। इसके बाद सेंट्रल जीएसटी की टीम ने मौके पर पहुंचकर पड़ताल की तो कारोबारी के ठिकाने से ढाई करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत के पैकेजिंग आयटम्स मिले। पैकेजिंग आयटम्स के बिल तथा दस्तावेज दिखाने की मांग करने पर कारोबारी कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर पाया। इस वजह से पैकेजिंग सामान जब्त किया गया।



### पैकेजिंग आयटम की ओडिशा आपूर्ति

सेंट्रल जीएसटी के अफसरों के मुताबिक गुटखा तथा तंबाकू उत्पाद के लिए कारोबारी जो पैकेजिंग आयटम्स तैयार कर रहा था। उसे वह कच्चे में ओडिशा के कारोबारियों को आपूर्ति करता था। अफसरों के अनुसार कारोबारी के घर की तलाशी में जो नकद राशि मिली है। उस राशि का हिसाब कारोबारी नहीं दे पाया, इस वजह से उक्त राशि भी जब्त की गई है।

# महिला के सिर पर वार कर हत्या नशेड़ी बेटा गायब, मोबाइल बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डीडीनगर थाना क्षेत्र में स्थित इंद्रप्रस्थ फेज-2 कॉलोनी में नए साल के पहले दिन सोमवार को एक महिला की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंचकर पुलिस तथा फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम मामले की पड़ताल में जुट गई। महिला की मौत सिर पर चोट लगने की वजह से हुई है। पुलिस के अनुसार किसी ने महिला के सिर पर भारी वस्तु से वार कर उसकी हत्या की है। घटना के बाद से मृतका का बेटा गायब है तथा उसका मोबाइल बंद है।

- डीडीनगर थाना क्षेत्र में इंद्रप्रस्थ कॉलोनी फेज-2 की घटना
- मोबाइल रिसीव नहीं करने पर महिला का पति घर पहुंचा, तब पता चला

पुलिस के अनुसार 50 वर्षीय पी. नीता राव की उसके मकान के कमरे में लाश मिली है। पुलिस को महिला की हत्या की जानकारी उनके पति पी. गौरी के माध्यम से मिली।

मृतका के पति ने पुलिस को बताया कि वह टाटीबंध में रहता है, इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में उसकी पत्नी तथा बेटा रहते थे। वह अपनी पत्नी से कभी-कभी मिलने आता था, इसके अलावा मोबाइल से संपर्क में रहता था। शुक्रवार को सुबह से पी. नीता को उसके पति ने कई बार कॉल किया, लेकिन पी. नीता ने कॉल रिसीव नहीं किया। इसके बाद पी. गौरी इंद्रप्रस्थ कॉलोनी स्थित घर पहुंचा, तब उसने अपनी पत्नी को खून से लथपथ मृत हालत में देखा। इसके बाद पी. गौरी ने घटना की जानकारी पुलिस को दी।



### बेटा करता था मां से विवाद

प्रारंभिक पड़ताल में पुलिस को जानकारी मिली है कि मृतका का बेटा पी. नागेश राव अपनी मां के साथ विवाद करता था। घटना के बाद से मृतका का बेटा गायब है और उसका मोबाइल नंबर बंद मिल रहा है। पुलिस को पता चला है कि नागेश नशे का आदी था। उस पर शक किया जा रहा है।

# महादेव सट्टा एप में तीन नए आरोपियों के नाम शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महादेव सट्टा एप मामले में सोमवार को ईडी के विशेष न्यायधीश अजय सिंह राजपूत की कोर्ट में सुनवाई हुई। ईडी के वकील डॉ. सौरभ पाण्डेय ने कोर्ट में 18 सौ पन्नों का प्रथम पूरक चालान पेश किया। ईडी ने महादेव सट्टा एप में तीन नए आरोपियों के नाम शामिल किए। इस तरह से महादेव सट्टा एप में अब तक 19 लोग आरोपी बनाए गए हैं। कोर्ट में पेश परिवाद पर 10 जनवरी को बहस होगी।

- महादेव सट्टा एप में अब तक 19 लोगों को बनाया गया आरोपी

गौरतलब है कि महादेव सट्टा एप को लेकर ईडी के वकील ने पूर्व में जो परिवाद पेश किया था, उसमें छह हजार करोड़ रुपए गड़बड़ी होने का आरोप लगाया गया है। ईडी के वकील ने कोर्ट में पूरक चालान पेश करते हुए पुलिसकर्मी भीम सिंह यादव, असीम दास के अलावा शुभम सोनी, अनिल अग्रवाल तथा रोहित गुलाटी का नाम शामिल किया है। गौरतलब है कि इसके पूर्व ईडी ने महादेव सट्टा एप को लेकर अक्टूबर में 10 हजार पन्नों का कोर्ट में चालान पेश किया था।


महादेव सट्टे में फिर आधा दर्जन कारोबारियों पर छापे

### रोहित तथा अनिल कारोबारी

जानकारी के मुताबिक अनिल अग्रवाल तथा रोहित गुलाटी दोनों कारोबारी हैं। सूत्रों के मुताबिक महादेव सट्टा एप की रकम को हवाला तथा मनी लांड्रिंग के माध्यम से अनिल तथा रोहित पर खपाने का आरोप है। सूत्रों के मुताबिक दोनों कारोबारियों का सौरभ चंद्राकर के साथ डायरेक्ट लिंक जुड़ा हुआ है। जांच के दौरान ईडी को अनिल तथा रोहित के महादेव सट्टा एप में शामिल होने के पुख्ता प्रमाण मिले थे, इसलिए दोनों के नाम को ईडी ने आरोपियों की सूची में शामिल किया है।

## नए साल में मंत्रालय पहुंचे मंत्री, अफसरों से की चर्चा

# मंत्री जायसवाल, नेताम व राजवाड़े ने मंत्रालय में संभाला कामकाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मंत्रालय में नए साल के पहले दिन मंत्रियों के कार्यभार ग्रहण करने के साथ यहां पर लोगों की हलचल देखने को मिली। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी दोपहर बाद मंत्रालय पहुंचे, वहां उनसे मिलने अधिकारी और कई पूर्व अधिकारी भी पहुंचे। सोमवार को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े तथा आदिम जाति कल्याण विभाग एवं कृषि विकास मंत्री रामविचार नेताम ने भी कार्यभार ग्रहण किया। नए साल में मंत्रालय पहुंचने वाले मंत्रियों में केदार कश्यप भी शामिल हैं, वे दो दिन बाद कार्यभार ग्रहण करेंगे। मंत्री ओपी चौधरी भी मंत्रालय पहुंचे थे।

***कई मंत्री आज कार्यभार लेंगे :*** साय मंत्रिमंडल की कैबिनेट बैठक मंगलवार को बुलाई गई है। माना जा रहा है कि अधिकांश मंत्री इस दौरान मंत्रालय में अपने विभाग का कार्यभार ग्रहण कर सकते हैं। वहीं विभागीय अधिकारी भी विभाग के मंत्रियों के कार्यभार को लेकर तैयारी में जुटे हुए हैं।


### स्वास्थ्य मंत्री ने किया कार्यभार ग्रहण



स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने सुबह 11 बजे मंत्रालय में पूजा-अर्चना कर कार्यभार ग्रहण किया। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग की अपर मुख्य सचिव रेणु जी. पिल्ले, सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, स्वास्थ्य विभाग के आयुक्त डॉ. सीआर प्रसन्ना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संचालक भोसकर विलास संदिपान सहित स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

### अफसरों ने किया राजवाड़े का स्वागत

महिला एवं बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने भी मंत्रालय में पूजा-अर्चना कर कामकाज संभाल लिया। इस दौरान विभागीय सचिव भुवनेश यादव, संचालक दिव्या मिश्रा सहित वरिष्ठ विभागीय अधिकारी तथा जनप्रतिनिधि मौजूद थे। उन्होंने अधिकारियों से विभागीय गतिविधियों के संबंध में चर्चा की तथा इस संबंध में जरूरी निर्देश दिए।



### मंत्री नेताम ने कहा- संकल्प को करेंगे साकार

आदिम जाति कल्याण, कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम ने सोमवार को मंत्रालय में विधिवत पूजा-अर्चना कर पदभार ग्रहण किया। इस दौरान उनके परिजनों के साथ ही कृषि मंत्रालय के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह समेत आदिम जाति कल्याण विभाग और कृषि विभाग के आला अधिकारी मौजूद थे। उन्होंने कहा, मां महामाया के आशीर्वाद से मैंने पदभार ग्रहण कर लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने की दिशा में हमारा छत्तीसगढ़ भी बढ़-चढ़कर अपना योगदान देगा। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हमारा मंत्रालय छत्तीसगढ़ के किसानों, जनजातीय वर्ग, अनुसूचित जाति वर्ग, पिछड़ा, अल्पसंख्यक वर्ग के विकास में एक महत्वपूर्ण कड़ी बनकर कार्य करेगा।



# गणतंत्र दिवस पर कोविड का साया समारोह में सावधानी के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउण्ड में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन गरियामय समारोह में प्रातः 9 बजे तिरंगा फहराने के बाद परेड की सलामी लेंगे। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन के लिए समस्त विभाग, समस्त संभागायुक्त, समस्त कलेक्टर एवं समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को पत्र लिखकर कोविड-19 महामारी के परिप्रेक्ष्य में समारोह में विशेष सावधानी बरतने के साथ ही मास्क पहनने, सामाजिक दूरी आदि नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। पूर्व के वर्षों की भांति इस वर्ष भी स्कूली बच्चों के कार्यक्रम तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### राज्यपाल का होगा उद्बोधन

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्यस्तर के आयोजन में राज्यपाल ध्वज फहराने एवं परेड की सलामी लेने के पश्चात अपना उद्बोधन देंगे। इसके अलावा समारोह स्थल पर विभिन्न विभागों, संस्थानों द्वारा चलित झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा और पदक अलंकरण समारोह भी होगा। समारोह स्थल पर रंगीन गुब्बारे भी उड़ाए जाएंगे। राज्यस्तर पर होने वाली परेड में सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, डीएफ, जेल बल, होमगार्ड, एसटीएफ कमांडो, बीएसएफ, आईटीबीपी एवं अन्य सशस्त्र बल की टुकड़ियां भी शामिल होंगी।

**खबर संक्षेप**

### जोगी परिवार ने मुख्यमंत्री साय से की मुलाकात

**रायपुर।** नववर्ष की पूर्व संध्या पर रविवार को जेसीसीजे सुप्रीमो डॉ. रेणु जोगी एवं अध्यक्ष अमित जोगी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से राज्य अतिथि गृह पहुना में सौजन्य भेंट की। जेसीसीजे के मुख्य प्रवक्ता, अधिवक्ता भगवानू नायक ने बताया कि जोगी परिवार ने श्री साय को मुख्यमंत्री बनने की बधाई और नववर्ष 2024 की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जेसीसीजे के महासचिव महेश देवांगन, पूर्व विधायक आरके राय, गजेंद्र देवांगन, नीलेश चौहान, जोगी परिवार के पारिवारिक मित्र डॉ. अतुल सिंघानिया भी उपस्थित थे।

### नवनिर्वाचित मंत्रियों का सम्मान आज

**रायपुर।** शुभम शिक्षण कला संस्थान और बंगाली कालीबाड़ी समिति द्वारा नवनिर्वाचित मंत्रियों का सम्मान समारोह आयोजित है। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी रखा गया है। यह कार्यक्रम कालीबाड़ी चौक स्थित रविंद्र मंच में 3 जनवरी को शाम 6 बजे प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित मंत्रियों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही कालीमाता मंदिर में पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। यह जानकारी संस्था की अध्यक्ष महुआ मजूमदार ने देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में लगभग एक हजार लोग शामिल होंगे।

### सचिव संघ के तीसरी बार जिलाध्यक्ष बने अमर

**रायपुर।** जिला पंचायत सचिव संगठन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में सचिव पद के लिए हुए चुनाव में अमर धनगर रायपुर जिले के अध्यक्ष चुने गए। वे तीसरी बार जिलाध्यक्ष बने हैं। प्रदेश पंचायत सचिव संगठन छत्तीसगढ़ के निर्देश पर जिला इकाई रायपुर पंचायत सचिव संगठन के जिलाध्यक्ष पद के लिए चुनाव हुआ। निर्वाचन अधिकारी महेंद्र साहू, सहायक निर्वाचन अधिकारी यशवंत आदिल और कमल साहू की उपस्थिति में निर्वाचन कार्य पूरा हुआ। चुनाव में रायपुर जिला अंतर्गत जनपद पंचायत धरसींवा, अभनपुर तिल्दा एवं आरंग से नवनिर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष और सचिवों ने मतदान कर अमर धनकर को जिलाध्यक्ष चुना। इस मौके पर रतनचंद साहू ब्लॉक अध्यक्ष धरसींवा, शिवकुमार वर्मा ब्लॉक सचिव, शेषनारायण साहू ब्लॉक अध्यक्ष अभनपुर, रामनारायण साहू ब्लॉक सचिव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### जवाहर नगर में रामधुन गाते निकाली प्रभात फेरी

**रायपुर।** अयोध्या में श्रीरामचंद्र का भव्य मंदिर बनने की खुशी में जोरापारा, जवाहरनगर वार्ड के रहवासियों ने सोमवार से प्रभात फेरी निकाली। यह प्रभात फेरी प्रतिदिन सुबह रामधुन गाते हुए निकाली जा रही है। यह जानकारी वार्ड के संरक्षक दिनेश अग्रवाल ने देते हुए बताया कि इस प्रभात फेरी में सभी धर्म, जाति के लोगों सहित बच्चे भी शामिल हुए।

# कर्जमुक्त आरडीए अब रिलेक्स जोन में, माता कौशल्या विहार से होगी 200 करोड़ की कमाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**अलग खबर**

रायपुर विकास प्राधिकरण 600 करोड़ के भारी-भरकम कर्ज से मुक्त होने के बाद अब रिलेक्स जोन में आ गया है। 11 साल पहले लिए गए लोन और उसके ब्याज की राशि भुगतान करने में खासी मशक्कत के बाद पहली बार ऐसी स्थिति बनी है, जब प्राधिकरण को माता कौशल्या विहार प्रोजेक्ट से 200 करोड़ की कमाई होने की उम्मीद है। सरप्लस के रूप में कमाई की यह राशि प्राधिकरण को माता कौशल्या विहार के 71 विकसित भूखंडों से करीब 71 करोड़ और आमोद-प्रमोद के रूप में सुरक्षित रखे गए प्लॉट से 129 करोड़ की एकमुश्त राशि के रूप में मिलनी है।

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमनसिंह के कार्यकाल में साल 2011 में ड्रीम प्रोजेक्ट के रूप में पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने कमल विहार प्रोजेक्ट आरडीए को सौंपा था। 1600 एकड़ जमीन पर यह प्रोजेक्ट अलग-अलग 15 सेक्टर में धरातल पर साकार रूप में सामने आया। मेट्रो सिटीज की तर्ज पर आधुनिक सुविधाओं से लैस इस प्रोजेक्ट को विकसित करने रायपुर विकास प्राधिकरण ने सेंट्रल बैंक की सदरबाजार शाखा से पहले 500 करोड़ ऋण लिया। इसके बाद दोबारा उसी बैंक से 100 करोड़ लोन लिया। इस तरह 600 करोड़ की लागत से बहुप्रतीक्षित कमल विहार प्रोजेक्ट लोगों के बीच लाया गया। इस प्रोजेक्ट में बड़े आकार के भूखंडों की बहुतायत रही, साथ ही आमोद-प्रमोद सहित अन्य प्रयोजन के लिए छोड़ी गई बड़े आकार की जमीन को बेचने में आरडीए को खासी परेशानी हुई। बैंक ऋण के ब्याज सहित मूल राशि का भुगतान करने में पूरे 11 साल लग गए। इस चक्कर में प्राधिकरण के पदाधिकारी कोई दूसरा बड़ा प्रोजेक्ट हाथ में नहीं ले पाए।

## सेंट्रल बैंक से लिए गए 600 करोड़ चुका दिए, नए पदाधिकारियों को काम करने में होगी आसानी

### कांग्रेस शासनकाल में कर्जमुक्त आरडीए थीम पर काम

रायपुर विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष सुभाष धुप्पड़ और संचालक मंडल की टीम का पूरा फोकस आरडीए को कर्जमुक्त करने पर रहा। पदभार ग्रहण के दौरान ही तत्कालीन चेयरमैन ने अपनी पहली प्राथमिकता कमल विहार के नाम पर लिए गए 600 करोड़ के कर्ज से मुक्ति को बताया। इस तरह पांच साल तक आरडीए का पूरा फोकस कर्जमुक्त होने पर केंद्रित रहा। हाल ही में सेंट्रल बैंक से लिए गए लोन की बकाया राशि ब्याज सहित भुगतान करने के बाद अब प्राधिकरण पर कोई कर्ज नहीं है।




### नई सरकार से नए प्रोजेक्ट की उम्मीद

सूत्रों के मुताबिक राज्य में नई सरकार के गठन के बाद हाल ही में विभागीय मंत्री की प्रारंभिक बैठक में प्राधिकरण की वर्तमान स्थिति पर चर्चा हुई और आने वाले दिनों में नए प्रोजेक्ट रायपुर विकास प्राधिकरण को दिए जाने आश्वस्त किया गया। प्राधिकरण द्वारा इंद्रप्रस्थ रायपुरा फेज-2 में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ईडब्ल्यूएस आवास निर्माण का काम 80 फीसदी पूरा कर लिया है। 20 फीसदी बचे कार्य को मार्च तक पूरा करने समयसीमा तय की गई है।

## कलेक्टर ने पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली

# कलेक्टर ने विभागीय कार्यों की समीक्षा की और दिए दिशा - निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव





कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने साप्ताहिक बैठक में खाद्य अधिकारी से जिले में पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। डॉ. सिद्दीकी ने सतत निगरानी करते हुए व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्यवाही करने के निर्देश दिए। डॉ. सिद्दीकी ने धान खरीदी, उठाव और एफसीआई और खाद्य, नागरिक आपूर्ति निगम के भंडारण के लिए भेजे जाने वाले धान के संबंध में लक्ष्य और अब तक किए गए कार्यों के संबंध में खाद्य अधिकारी श्री ध्रुव, जिला विपणन अधिकारी मनोज यादव, सहायक पंजीयक सहकारिता व्यासनारायण साहू से जानकारी ली और निर्देश दिए। जिले में अवैध धान परिवहन एवं भंडारण पर डॉ. सिद्दीकी ने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि ऐसे प्रकरणों पर वे स्वयं संज्ञान लें और कार्यवाही करें। बैठक में कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान सभी विभागों द्वारा शिविर में दिए जा रहे सुविधाओं के बारे में विभागावार जानकारी ली और निर्देश दिए कि सभी योजना का लाभ हितग्राहियों को उपलब्ध कराएं। कलेक्टर ने बैठक में ''बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अंतर्गत सभी संयुक्त विभागों को कार्यक्रम करने के लिए कहा। डॉ. सिद्दीकी ने कोरोना के रोकथाम, टीबी, सिकलसेल, 26 जनवरी पर जिले की झांकी तैयारी, पीएम जनमन योजना, पीएम श्री योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम विश्वकर्मा योजना के बारे में विस्तार से अधिकारियों के कार्ययोजना के संबंध में चर्चा की। इस अवसर पर जिला प्रशासन के अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, संयुक्त कलेक्टर मोनिका वर्मा, प्रकाश भारद्वाज, एसडीएम डॉ. स्निग्धा तिवारी, वासु जैन सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए गौरीशंकर



**पलारी।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल संडी मंडल के ग्राम वटगन में भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से निकाली गई विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस दौरान उन्होंने जनमानस को केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। शासन के विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी का निरीक्षण कर हितग्राहियों से उनके अनुभव साझा किए तथा केंद्र शासन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं के तहत गैस कार्ड, स्मार्ट कार्ड एवं नैनो यूरिया का वितरण किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कसडोल विधानसभा प्रत्याशी धनीराम धीवर, जनपद अध्यक्ष खिलेंद्र वर्मा, जिला उपाध्यक्ष तेजराम वर्मा, मंडल अध्यक्ष महेन्द्र साहू, जनपद सदस्य भारती वर्मा, अनुसूचित जाति प्रदेश सदस्य भीष्मदेव सोनवानी, महामंत्री डागेश्वर पप्पू वर्मा, विजय कोसले, कुमारी बाई वर्मा सरपंच, उमेश यदु उपसरपंच, महिला मोर्चा अध्यक्ष निर्मला रजक, कृतराम वर्मा, नेतराम वर्मा, पंचराम वर्मा, बल्लू वर्मा, चरणदास तेहरवंश, श्यामू साहू, हिमांशु वर्मा, बलदु वर्मा, कामराज वर्मा, जयभारत कन्नौजे, विद्या शर्मा, जनपद सीईओ रोहित नायक, बीईओ केदारनाथ वर्मा, खंड चिकित्सा अधिकारी बीएस ध्रुव, सौम्या सोनी, मारुति राव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# विस चुनाव ड्यूटी से गायब रहे 40 कर्मचारी, कई के जवाब उलट-पुलट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विधानसभा चुनाव में 17 नवंबर को रायपुर जिले में हुई वोटिंग के दौरान पोलिंग बूथों की ड्यूटी से बिना सूचना दिए गायब होने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों पर अब तक निलंबन की कार्रवाई नहीं हो पाई है, जबकि इस संबंध में प्रशासनिक अधिकारियों ने जल्द ही आदेश जारी करने की बात कही थी। विधानसभा चुनाव के दौरान रायपुर जिले के सातों विधानसभा क्षेत्रों में 17 नवंबर को हुई वोटिंग के दिन लगभग 40 अधिकारी-कर्मचारी रिटर्निंग अफसरों को सूचना दिए बिना ड्यूटी से गायब हो गए थे। इनमें एक से डेढ़ दर्जन पीठासीन अधिकारी भी शामिल थे। इनके गायब होने से अफसरों में हड़कंप मच गया था।

### संतोषजनक जवाब नहीं मिला

चुनाव संपन्न होने के बाद ड्यूटी से गायब होने वाले सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर जवाब मांगा गया था। इस नोटिस में सभी से ड्यूटी पर नहीं आने का ठोस कारण पूछा गया था। ठोस कारण नहीं बता पाने में उन्हें सस्पेंड किए जाने की चेतावनी दी गई थी। चेतावनी भरे इस नोटिस को पाकर गायब होने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। इसके बाद सभी ने अपने-अपने रिटर्निंग ऑफिसर को तरह-तरह के कारण बताकर अपने जवाब भी प्रस्तुत किए। इनमें से कई अधिकारी-कर्मचारियों के जवाब को रिटर्निंग ऑफिसरों ने भी संतोषजनक नहीं पाया।

# सेवानिवृत बद्रीप्रसाद का छात्रों ने शॉल-श्रीफल भेंट कर किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

जनपद कसडोल अंतर्गत ग्राम बगार में स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में प्रधानपाठक बद्री प्रसाद साहू के सेवानिवृत्त होने पर शाला प्रबंधन समिति, ग्रामीणों, सरपंच एवं शिक्षकों द्वारा समारोह का आयोजन कर विदाई दी गई।

बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुत दी गई। बीइओ देवांगन ने कहा श्री साहू के कुशल कार्यक्षमता व उत्कृष्ट योगदान हमारे लिए प्रेरणा स्रोत रहेंगे। वे सेवानिवृत्त जरूर हुए है पर सेवा के दायित्वों से नहीं। उनके मार्गदर्शन की हमें हमेशा अपेक्षा रहेगी। नोडल प्राचार्य भतपहरे ने साहूजी के कार्यों को याद करते हुए उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु होने की कामना की। तत्पश्चात एसपी साहू प्रधानपाठक परसदा द्वारा उनके सेवाकाल के दौरान संघर्षों को याद करते हुए प्रधानपाठक के रूप में उनके कार्याकाल को सकारात्मक एवं सराहनीय बताया। उन्होंने सबको एकसूत्र बांधकर चलने का जो काम किया वे अन्य शिक्षकों के लिए नजीर बनेगा। श्री साहू ने सभी शिक्षकों, बच्चों एवं ग्रामीणों द्वारा दिए गए स्नेह के लिए आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन भरत लाल गहरे प्रधानपाठक पैरागुड़ा एवं आभार प्रदर्शन लखेश्वर साहू प्रधान पाठक बगार द्वारा किया गया। इस मौके पर मनोज यादव, रेशम पैकरा, विक्रम पैकरा, दयाराम चौहान, नवीन पैकरा, आशीष यादव, संजय यादव, महेतरीन यादव, पंकज शुक्ला, कलश विनोद कीर्तन मंडली, महिला स्वसहायता समूह, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष, सदस्यगण,पंच गण सुशील पैकरा, मथुरा बाई, ह्यूमन बाई फूलबाई, सुखमती पैकरा, रमेश चौहान आदि उपस्थित थे।






### भजन-कीर्तन के साथ ग्रामीणों ने दी विदाई

विदाई समारोह के मुख्य अथिति सेवानिवृत्त प्रधानपाठक बीपी साहू एवं विशिष्ट अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरके देवांगन, एबीओ ध्रुव, बीआरसी धृतलहरे, नोडल प्राचार्य बीसी भतपहरे एवं अध्यक्षता मोहरसिंह यादव सरपंच थे। कार्यक्रम का शुभारंभ के पहले छात्र-छात्राओं, शिक्षकों साहू, श्रीमती साहू एवं उनके बच्चों के साथ कीर्तन करते गली भ्रमण किया।ग्रामीणों द्वारा अपने घर के सामने चौक पुरकर एवं दीपक जलाकर अपने गुरुजी को शाल, श्रीफल भेंट कर विदाई दी।

# ट्रेनों के नल से निकल रहा पीला पानी, दैनिक उपयोग तो दूर, हाथ धोने के लायक भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ट्रेनों में नलों से गंदा-दूषित पानी निकलने की शिकायतें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। नदियों के गंदे पाने को रेलवे की फिल्टर मशीन अच्छी तरह साफ नहीं कर पा रही है। पानी इतना गंदा आ रहा है कि इससे ब्रश करना या अन्य उपयोग करना तो दूर, हाथ धोना भी मुश्किल है। इसके बाद भी मजबूरी में यात्री इसी गंदे और मटमैले पानी से हाथ-मुंह धोने मजबूर हैं। ट्रेन के नलों से निकल रहे पानी का रंग बदला हुआ है। गंदे पानी के उपयोग से यात्रियों को संक्रमण का खतरा भी है।

लंबी दूरी की ट्रेनों में ऐसी शिकायतें अधिक मिल रही हैं। स्टेशनों से गंदा पानी ट्रेनों में भरा जा रहा है, इससे रेलवे प्रशासन भी बेखबर है। पानी की गुणवत्ता की जांच नहीं की जा रही है, तभी ट्रेनों से गंदा पानी निकल रहा है। रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग समेत अन्य बड़े स्टेशनों से पानी ट्रेन में पहुंचाया जाता है, जो पानी सीधे नदियों से आता है। पानी को साफ करने लाखों की फिल्टर मशीनें हर स्टेशन में लगी होती हैं, इसके बाद भी यात्रियों को गंदा पानी मिल रहा है।



### शिकायत के बाद भी समाधान नहीं

समरसता एक्सप्रेस में बीते दिनों एक कोच से कीचड़युक्त गंदा पानी निकला था। गंदा पीला पानी देख यात्री के भी होश उड़ गए। नागपुर से लेकर रायपुर तक इसकी सूचना दी गई, लेकिन इसका समाधान रायपुर में नहीं हो सका। यात्रियों में रेल प्रशासन की इस अव्यवस्था को लेकर नाराजगी है। इस मामले की शिकायत रेलमंत्री से लेकर मंत्रालय तक करने की बात कही गई।

### नल से निकल रहा पीले रंग का पानी

यात्रियों की शिकायत मिलने के बाद रायपुर से गुजरने वाली कुछ लंबी दूरी की ट्रेनों में पड़ताल करने पर मुंबई-हावड़ा मेल की एस-3 बोगी में नल का पानी पीले रंग का निकला, जिसका उपयोग यात्री न हाथ और न ही चेहरा धोने के लिए कर सकते थे। मुंबई से हावड़ा जा रहे यात्री महेंद्र निषाद ने बताया कि नलों में पानी कभी एक जैसा नहीं निकलता। कभी साफ तो कभी पीले रंग का, मटमैला पानी निकलता है। इसकी शिकायत के बाद भी समस्या दूर नहीं हो पाती। गंदे पानी की सूचना जब टीटीई को दी गई, तब उन्होंने तत्परता दिखाते हुए कर्मचारियों को पानी की जांच करने बुलाया, लेकिन कर्मचारी के आने से पहले ट्रेन चल पड़ी।

### दूसरे मंडल से ट्रेनों में गंदा पानी

ट्रेन से गंदा पानी मिलने की शिकायत झारखंड, हैदराबाद, बिहार और हावड़ा रूट की ट्रेनों में अधिक मिल रही है। रेलवे कर्मचारी ट्रेन स्टेशन पर पहुंचते ही सीधे ट्रेन में पानी भरना शुरू कर देते हैं। यात्रियों को कैसा पानी मिल रहा है, इसकी जांच नहीं की जाती। नदियों का गंदा पानी ट्रेन में पहुंच रहा है, इस वजह से पानी का रंग पीला नजर आ रहा है। फिल्टर और पानी टंकी की नियमित सफाई नहीं होना भी गंदे पानी का प्रमुख कारण है। लंबी दूरी की ट्रेनों में कम स्टॉपेज होने से पानी लंबे समय बाद भरा जाता है। स्टेशन निदेशक का कहना है, पानी की गुणवत्ता की जांच होती है। मंडल से ट्रेनों में साफ पानी पहुंचाया जा रहा है। दूसरे मंडल से ट्रेनों में गंदा पानी ट्रेन तक पहुंच रहा है।

# बोरा को प्रमुख सचिव पद पर प्रोफार्मा पदोन्नति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भारतीय प्रशासनिक सेवा 1999 बैच के अधिकारी सोनमणि बोरा को 25 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने पर प्रमुख सचिव वेतनमान पे-मैट्रिक्स लेवल 15 में 1 जनवरी से प्रोफार्मा पदोन्नति दी गई है। सोमवार को सामान्य प्रशासन विभाग ने यह आदेश जारी किया है। इसके साथ ही प्रदेश के 10 आईएएस को प्रवर श्रेणी वेतनमान का आदेश जारी हुआ है।

आईएएस श्री बोरा वर्तमान में केंद्र सरकार में प्रतिनियुक्ति पर सेवाएं दे रहे हैं। उनके प्रमोशन के आदेश में कहा गया है कि भाप्रसे वेतन नियम 2026 के अनुसार प्रमुख सचिव वेतनमान में पदोन्नति के लिए रिक्तियों के निर्धारण के लिए भारत सरकार की सहमति लेनी आवश्यक है। नियमानुसार विभागीय पत्र 9 नवंबर 2023 द्वारा भारत सरकार को वर्ष 1999 बैच के भाप्रसे अधिकारी को प्रमुख सचिव वेतनमान में पदोन्नति के लिए एक रिक्ति निर्धारण हेतु लिखा गया था। भारत सरकार से सहमति प्राप्त नहीं होने के कारण भाप्रसे वेतन नियम 2026 के नियमों के प्रावधान अनुसार भारत सरकार की सहमति मानी गई है।

Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### मारपीट के दो मामले में जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** सरायपाली थाना में मारपीट के दो मामले दर्ज किया गया है। प्रार्थी कमलेश कानूनगो पिता रवि ओडिया पारा सरायपाली ने बताया कि बसंत गुरू और उसके साथियों द्वारा अश्लील गाली गलौज करते हुए मारपीट किए और जान से मारने की धमकी दी। इसी प्रकार अमित मुन्न पिता सुखदेव निवासी बैतारी को सागौन नर्सरी में बबलू साहू पिता विपिन बैतारी द्वारा गाली गलौज करते हुए मारपीट कर चोंट पहुंचा।

### सट्टा पट्टी लिखते एक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** कोतवाली पुलिस ने रेलवे पटरी के किनारे मनहर लाल पिता स्व लतेल ध्रुव 51 वर्ष निवासी बढ़ईपारा को सट्टा पट्टी के साथ पकड़ा। उसके कब्जे से नगदी रकम 4890 रूपए, एक नग सट्टा पट्टी जब्त कर जुआ एक्ट 3(2) के तहत कार्रवाई की गई।

### युवक ने लगाई फांसी

**महासमुंद।** अज्ञात कारण से एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। जानकारी के मुताबिक सुरेश पटेल पिता स्व रामकृपाल तुमगांव निवासी ने अज्ञात कारण से फांसी लगा ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### जन्मदिन मना रहे युवक से मारपीट

**महासमुंद।** सरायपाली विशाल सोना पिता छबीलाल सोना 21 साल साकिन वार्ड नं. 11 बाजार पारा सरायपाली ने थाना में शिकायत दर्ज कराया है कि समीर डड़सेना, संतोष सिदार ने जन्मदिन मनाने से मना करते हुए अश्लील गाली गलौज करते हुए किसी वस्तु से मारपीट कर गले में चोंट पहुंचाया एवं जान से मारने की धमकी दी।

## निधन

### खेदीया बाई



**पलारी।** ग्राम कौडिया निवासी खेदीया बाई वर्मा 68 वर्ष का निधन को हो गया, जिसका काठी कार्यक्रम स्थानीय मुक्तिधाम कौडिया में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ग्रामीण एवं सामाजिकजन उपस्थित हुए। वे बैशाखू राम वर्मा के पत्नी व सीताराम, लखन, मुरारी वर्मा शिक्षक के माता थीं।

### महादेव खुराना



**मुड़पार-सरसीवां।** स्थानीय निवासी महादेव खुराना 63 वर्ष का सोमवार को निधन हो गया। महादेव खुराना पूर्व जिला पंचायत सदस्य व बसपा नेता दयाराम खुराना, ज्योत्मति, हीरालाल, नोनिबाई, मनीराम के बड़े भैया थे। महादेव ललिता, पवन, नीलकमल, अविनाश, अभिषेक के पिता थे। एसडीओ इंजीनियर के खुराना के चाचा, लक्ष्मण, डेरिहा के भाई एवं रामेश्वर, करमन, नीलकांत, डगेश्वर, भेखराम, उमेश, हरीश खटकर के भतीजा थे। इनका अन्तिम संस्कार निज स्थान मुड़पार में हुआ। अंतिम संस्कार में परिजनों सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# किसान संगठन के राष्ट्रीय सचिव ने डिप्टी सीएम और मंत्री से की मुलाकात

फोटो लगेगा बीबीजेड पी 05

**मुड़पार-सरसीवां।** राज्य में भाजपा की साय सरकार में मुख्यमंत्री और मंत्रियों को पिछले दिनों विभागों का बंटवारा किया गया, जहां अरुण साव को उपमुख्यमंत्री के पद पर तथा दयालदास बघेल को खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री बनाएं जाने पर और नए वर्ष के उपलक्ष्य में राष्ट्रवादी किसान संगठन के राष्ट्रीय सचिव सुमित कुमार ने बुके भेंट कर दोनों मंत्रियों को बधाई दी। साथ ही सुमित कुमार ने राज्य के सभी मंत्रियों को भी बधाइयां दी। सुमित कुमार किसान संगठन में राष्ट्रीय स्तर के प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। वे हमेशा देश में किसानों की समस्याओं, मुद्दों को लेकर वे अक्सर बड़े आंदोलन करते हैं। उन्होंने बताया की वे किसी पार्टी से ताल्लुकात नहीं रखते। किसानों के लिए कई अहम मांगों को लेकर आंदोलन करते है, उस दौरान सभी राष्ट्रीय पार्टियों के राष्ट्रीय अध्यक्ष व वरिष्ठ नेता उन्हें जानते-पहचानते हैं।

राष्ट्रवादी किसान युवा संगठन के राष्ट्रीय सचिव सुमित कुमार ने राज्य के मौजूदा भाजपा सरकार और इनकी सभी मंत्रियों से राज्य के विकास, तरक्की, खुशहाली के सा-साथ प्रमुख रूप से किसानों के लिए खास कार्य करने की उम्मीद जताते हुए इन्होंने पूरे मंत्रिमंडल को नव वर्ष पर पुनः बधाईयां दी।

## दयालदास बघेल को खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री बनाएं जाने पर दी बधाई



### शिकायत को गंभीरता से लिया

किसानों के हक अधिकारों के लिए दिल्ली में कई बड़े आंदोलनों में शामिल हुए। सुमित कुमार ने बताया की किसानों का हित, प्रमुख समस्याओं और मुद्दों को लेकर केंद्र से लेकर राज्य सरकार के सभी विभागीय मंत्रियों से चर्चा के लिए वे बहुत जल्द भेंट मुलाकात करेंगे। राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी द्वारा किसानों और आम लोगों का समय पर कार्य नहीं करने, बिलासपुर राजस्व परिक्षेत्र मोपका, चिल्हाटी में सरकारी जमीन को निजी और निजी जमीन को सरकारी बोलकर राजस्व अधिकारी लोगों के प्रकरण को बार-बार खारिज कर लंबित रखने की भी शिकायत मिली है। उस पर जल्द निराकरण करने की बात कही। इन्होंने इस शिकायत को गंभीरता से लिया है। इस ज्वलंत मुद्दे को लेकर वे मुख्यमंत्री से भी जल्द भेंटकर अवगत कराने की बात कही। विदित हो कि बिलासपुर के राजस्व विभाग में किसानों व लोगों के नामांतरण, सीमांकन प्रकरण की हजारों पेडेंसी है, जिससे आम लोग, किसान बेहद नाराज हैं। इसकी शिकायत अगर की जाती है तो राजस्व अधिकारियों की आफत आ सकती है।

## खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने विभागीय गतिविधियों की विस्तार से जानकारी ली और दिए निर्देश

# खेल अकादमियों को साधन संपन्न और खेल प्रशिक्षण ढ़ांचे को मजबूत बनाने की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मंत्री टंकराम वर्मा ने न्यू सर्किट हाऊस रायपुर में विभागीय अधिकारियों से सौजन्य मुलाकात के दौरान प्रदेश की खेल अकादमियों को साधन सम्पन्न और खेल प्रशिक्षण ढ़ांचे को मजबूत बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान खेल मंत्री ने उनसे विभागीय गतिविधियों की विस्तार से जानकारी ली। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव नीलम नामदेव एक्का, संचालक श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा सहित खेल संचालनालय के अधिकारी इस मौके पर उपस्थित थे।

खेल सचिव श्री एक्का एवं खेल संचालक श्रीमती सिन्हा ने प्रदेश में संचालित सभी आवासीय खेल अकादमियों एवं गैर आवासीय खेल अकादमियों, विभिन्न खेल गतिविधियों सहित युवा कल्याण गतिविधियों की जानकारी उन्हें दी। खेल मंत्री ने कहा कि वर्तमान में संचालित खेल अकादमियों को साधन संपन्न बनाने और खेल प्रशिक्षण के ढ़ांचे को और अधिक मजबूत बनाने तथा प्रशिक्षण गतिविधियों को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण बनाने की जरुरत है। नई तकनीकों के साथ विभिन्न खेलों के प्रशिक्षण पर जोर दिया जाए। उन्होंने विभागीय योजनाओं के लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023–24 में उपलब्ध बजट की जानकारी भी अधिकारियों से ली। प्रदेश में खिलाड़ियों के लिए वर्तमान आवश्यकता के अनुरूप प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

खेल मंत्री ने प्रदेश के सभी जिलों में उपलब्ध खेल मैदानों और वहां उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी जिले में बच्चों को खेलने के लिए सुव्यवस्थित खेल मैदान उपलब्ध कराने के लिए खेल मैदानों को विकसित करने की कार्यवाही की जाए। सभी जिले के सभी गांवों में खेल मैदान के लिए उपयुक्त भूमि को चिन्हित कर खेल मैदान बनाने सुरक्षित करने के निर्देश उन्होंने अधिकारियों को दिए। खेल मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि राजीव युवा मितान क्लब योजना के अंतर्गत किसी भी प्रकार की राशि अंतरण और राशि के व्यय पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाने के निर्देश सभी जिला कलेक्टरों को जारी किया जा चुका हैं, जिसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।

खेल मंत्री ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से खिलाड़ियों के कौशल का समुचित विकास सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने एवं विभागीय योजनाओं को सुचारू रूप से क्रियान्वित करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए।

## किरितपुर में हुआ आठ दिवसीय युवा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

समीपस्थ ग्राम किरतपुर में मानव तीर्थ द्वारा 25 दिसंबर से 1 जनवरी तक आठ दिवसीय युवा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें देशभर के 18 से 30 वर्ष के युवाओं ने भाग लिया। यह युवा शिविर मानव तीर्थ का सातवां कैप रहा। इस शिविर में 39 प्रतिभागी शामिल हुए, जिसमें 11 अलग–अलग राज्यों से जिसमें गुजरात, हरियाणा, दिल्ली, महाराष्ट्र, वेस्ट बंगाल, एमपी, छत्तीसगढ़, मुंबई, उड़ीसा, झारखंड, बिहार आदि राज्यों से युवा शामिल थे। इस शिविर का उद्देश्य परिचय के बाद, अध्ययन से जुड़ने के लिए कड़ी के रूप में काम किया किया जाता हैं, जिससे अध्ययन अभ्यास की स्पष्टता बने, युवाओं को मानव तीर्थ में अध्ययन अभ्यास का स्वरूप का भास हो युवाओं के मुद्दों पर चर्चा जैसे विवाह, करियर, पहचान संबंध जो आज के समय में एक महत्वपूर्ण विषय है साथ ही युवाओं में मैत्री और निश्चित और व्यवस्थित दिनचर्या का अनुभव करना है।

## फांसी लगाकर युवक ने की खुदकुशी

**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में एक युवक ने रविवार-सोमवार दरमियानी रात फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस मर्ग कामय कर मामले की जांच कर रही है। कुशालपुर निवासी शुभम शर्मा ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी की है। बताया जा रहा है कि शुभम 31 दिसंबर को दोस्तों के साथ पार्टी मनाकर घर लौटा था। इसके बाद उसने घर की सीढ़ी पर लगी ग्रिल में रस्सी का फंदा बनाकर खुदकुशी कर ली। सुबह उठने के बाद ही दादी को घटना की जानकारी मिली।

## बसपा प्रदेशाध्यक्ष के प्रथम आगमन पर गोपालपुर में हुआ जोरदार स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

बसपा के प्रदेशाध्यक्ष श्याम टण्डन प्रथम बार गोपालपुर के आगमन पर पार्टी समर्थकों ने अतिशबाजी कर माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। क्षेत्र के टेढ़ीभदरा, भिनोदा, सरसीवां, सारंगढ़, जैजेपुर में भी जोरदार स्वागत किया गया। प्रदेशाध्यक्ष श्याम टण्डन ने क्षेत्रवासियों को नववर्ष की बधाई दी। स्वागत कार्यक्रम में लक्ष्मण सिंह कुर्रे, हरि भास्कर, नारायण प्रसाद साहू जिला प्रभारी, डा. टेकलाल साहू, साधू दास मानिकपुरी, मोहन साहू, गेंदराम साहू, भारत साहू एवं पार्टी के समर्थक बड़ी संख्या में शामिल थे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में लगा शिविर, 2500 लोगों ने कराया उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव




कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन और सीएमओ राजेश पांडेय के नेतृत्व में सारंगढ़ के तुर्की तालाब के समीप स्थित जवाहर भवन में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शिविर लगाया गया। इसमें लगभग 2500 नागरिकों ने शिविर का लाभ लिया। इस अवसर पर धरती कहे पुकार थीम पर स्कूली छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षाविद प्रियंका गोस्वामी और आरबी तिवारी ने किया।

शिविर में विभिन्न योजनाओं से लाभार्थियों द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत उन योजनाओं से हुए लाभ को बताया गया। शिविर में पीएम आवास योजना (ग्रामीण), पीएम उज्वला योजना, राष्ट्रीय आजीविका मिशन (बिहान), पीएम फसल बीमा, पीएम किसान सम्मान निधि, स्वास्थ्य विभाग द्वारा सिकल सेल पंजीयन, आयुष्मान कार्ड, मछली पालन, कृषि, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना आदि का स्टाल लगाए गए। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा मौके पर लोगों का स्वास्थ्य जांच और दवा वितरण की गई। इस शिविर में सुभाष जालान, अतिथि शिवकुमारी चौहान, चंद्रिका सिंह ठाकुर, पार्षद मयूरेश केशरवानी, अजय गोपाल, भुवनलाल मिश्रा, सत्येन्द्र कुमार, मनोज मिश्रा, दुर्गा प्रताप, अनुपमा केशरवानी, पूर्णिमा मनहर, एसडीएम सारंगढ़ वासु जैन, परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान एवं बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित थे।

## नेशनल कराते स्पर्धा में शामिल होने 13 खिलाड़ी मंदसौर के लिए हुए रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

मध्यप्रदेश के मंदसौर में 6 से 8 जनवरी तक होने वाले नेशनल फूल कांटेक्ट मार्शल आर्ट कराते के लिए बलौदाबाजार जिले के सिमगा ब्लॉक के 13 बच्चों का चयन हुआ है। जिसे आज विधायक इंद्रसाव ने सिमगा विश्राम गृह से पुष्प गुच्छ और ट्रेक शूट भेंट कर बच्चों को आशीर्वाद देते हुऐ उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देकर मंदसौर के लिए रवाना किया। उक्त अवसर पर ब्लाक कांग्रेस महामंत्री हिरेन्द्र कोसले, एनएसयूआई जिलाअध्यक्ष विवेक यदु, सत्यजीत सेन्डे, अजित भट्ट सहित खिलाड़ी देवेश रात्रे, नीलेश यादव, सागर तुरकर, तरुण गायकवाड़, आदर्श मानिकपुरी, दुर्गेश्वरी, विभूति नामदेव, स्वेक्षा तिवारी व कोच अमन सोनी, देवेंद्र प्रताप काठले आदि शामिल रहे।

## नौ दिवसीय भागवत महापुराण की कलश यात्रा आज

**बलौदाबाजार।** नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण का आयोजन गौरवपथ आरटीओ ऑफिस के पीछे 3 से 11 जनवरी तक चलेगी। इसमें कथा वाचक पं. पुनेश्वर तिवारी है। नौ दिवसीय चलने वाले संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण का आयोजन स्व केजू राम साहू (शिक्षक) के स्मृति में किया जा रहा है, जिसमें आज कलश यात्रा के बाद देव आवहन– गौकरण व्याख्यान होगा। वहीं 4 जनवरी को शुक जन्म, 5 को कपिल व्याख्यान व ध्रुव चरित्र, 6 को प्रहलाद चरित्र, नरसिंह अवतार, 7 को वामन अवतार व कृष्ण जन्मोत्सव, 8 को बाल चरित्र, रूखमणी विवाह, 9 को सुदामा चरित्र, 10 को परीक्षित मोक्ष व 11 जनवरी को गीता चढ़ौती व तुलसी वर्षा होगी।

## सड़क हादसे में पुलिसकर्मी की मौत

**रायपुर।** माना थाना क्षेत्र में रविवार देर रात पीएचक्यू से ड्यूटी कर लौट रहे एक पुलिसकर्मी की सड़क हादसे में मौत हो गई है। 14वीं बटालियन का जवान शविकांत की पीएचक्यू में ड्यूटी लगी हुई थी। घटना दिनांक को वह ड्यूटी करने के बाद एक्टिवा से अपने निवास अमलीडीह लौट रहा था।

# गुरु बाबा ने सत्य का प्रचार और सादा जीवन यापन की प्रेरणा दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला



- गुरु घासीदास जयंती समारोह में शामिल हुए मंत्री टंकराम वर्मा

प्रदेश सरकार के खेल युवा कल्याण एव राजस्व आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा ग्राम जांगड़ा में आयोजित गुरु घासीदास जयंती समारोह में शामिल हुए। उन्होंने गुरु घासीदास की पूजा अर्चना कर सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि बाबा ने सत्य के प्रचार और सादा जीवन यापन करने तथा समाज में व्याप्त शराब नशा पान से दूर रहने की प्रेरणा पूरे मानव समाज को दी। आज हम बाबाजी के बताए दिखाए मार्ग पर चले तो हमें जीवन में कभी कोई कठिनाई नहीं होगी। आज गिरौद्पुरी धाम में कुतुंबमीनार से भी ऊंचा जैतखाम देश में प्रसिद्ध है। समाज उत्थान के लिए सभी को मिलजुल कर काम करना होगा, इसके पहले मंत्री का ग्रामीणों तथा समाज के लोगों ने बाजे गाजे पंथी नृत्य के साथ स्वागत किया। बलौदा बाजार में विधायक तथा भाजपा सरकार बनाने के लिए जनता का आभार व्यक्त किया तथा आने वाले समय में विकास की नई गाथा लिखने की बात कही।

भाजपा मंडल अध्यक्ष शिव कटरिया, सरपंच जय धुरंधर ने भी सभा को सम्बोधित किया। इस अवसर पर जनपद सदस्य सरोजनी रमेश वर्मा, मंडल महामंत्री हेमंत बघमार, भाजयुमो अध्यक्ष करन वर्मा, महामंत्री दिनेश चवरे, कार्तिक वर्मा, चेतन वर्मा, कैलाश कोसले, बोधन भरत सोनवानी, धरम बारले, तिरिथ वर्मा, रमेश वर्मा, बिसौहा वर्मा, मोती लाल सेन, फिरंगी निषाद, गुमान पाल, दिलीप पाल सहित भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

